परियाजना से संबंधित विभिन्न मदों पर अब तक लगभग 10 लाख रुपये खर्च किए हैं जिसमें वास्तुकार और जून, 1997 में नियुक्त किए गए पूर्णकालिक परियोजना अधिकारी का 6.3 लाख रुपए का भुगतान आदि भी शामिल हैं।

(ङ) परियोजना रिपोर्ट की समीक्षा करने के बाद सोसाइटी के लिए सहायता अनुदान इस वचनबद्धता पर तत्कालीन अध्यक्ष, नियंत्रण बोर्ड, कैंटीन सेवाएं के अनुमोदन से आबंटित किया गया था कि यह स्कूल सशस्त्र सेनाओं के कार्मिकों की पात्र श्रेणियों के बच्चों के लिए 25% सीटें आरक्षित रखेगा।

Air Crash/Accidents of IAF planes

809. SHRI S. MUTHU MANI: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that fighter pilots of the Indian Air Force and Army are prone to mid-air illusions because of inadequate training;

(b) what is the total number of air crash/ accident witnessed during the last four years;

(c) whether it is a fact that most of the accidents were occurred on account of human error and spatial disorientation; and

(d) if so, the steps taken by his Ministry to prevent such accidents?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI MULAYAM SINGH YADAV): (a) to (d) Indoctrination of IAF pilots in regard to the physiological basis and likely illusions during flying is imparted followed by practical training in simmulators and actual flying. There have been 103 Category I air crashes since April 1993. Out of these 38 air accidents have taken place due to Human Error including 5 accidents due to spatial disorientation. However to curtail such accidents, on an immediate basis, Air support and attack patterns have been reviewed.

मृतद सेवा-कार्मिकों के परिवारों को विशेष लाभ

810.**श्री दिलीप सिंह जूदेव**: क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सर्विस के दौरान मृत्यु होने पर सैनिकों के परिवार को अंतिम लाभ (टर्मिनल लाभ) के अंतर्गत कौन से विशेष लाभ दिये जाने का प्रावधान है;

(ख) इसके अंतर्गत वर्ष 1995-96 एंव 1996-97 में कितने लोगों को सेना के तीनों अंगों में लाभ पहुंचाया गया;

(ग) क्या इस योजना के अंतर्गत सर्विस के दौरान गृत होने वाले सभी सैनिकों एव अफसरों को सभी अंतिम लाभ योजनाओं के अंतर्गत एक समान लाभ दिया जाता है या इसमें कोई भेदभाव किया जाता है; और

(घ) यदि हां, तो सभी के परिवारों को एक समान लाभ नहीं दिये जाने के क्या कारण हैं?

रक्षा मंत्री (श्री मुलायम सिंह यादव): (क) से (घ) सेवा के दौरान सशस्त्र सेनाओं के कार्मिकों की मृत्यु होने की स्थिति में उनके परिवारों को सेवान्त/विशेष पेंशन लाभ स्वीकृत किए जाते हैं जो इस प्रकार हैं:-

(क) यदि उनकी मृत्यु युद्ध या युद्ध जैसी संक्रियाओं, प्रति विद्रोही संक्रियाओं या सशस्त्र शत्रुओं, आतंकवादियों/उग्रवादियों, समाज विरोधी तत्वों आदि के साथ हुई मुठभेड़ या घटना में होती है तो

(1) दिवंगत कार्मिक द्वारा अंतिम बार आहरित वेतन के बारबर उदारीकृत विशेष परिवार पेंशन। या पेंशन उसकी विधवा के जीवित रहने तक या उसके उयोग्य होने तक इसी दर पर देय होती है। यदि कार्मिक की पत्नी जीवित न हो अपितु उसका केवल बच्चा/बच्चे हों तो निर्धारित दरों पर विशेष परिवार पेंशन के अतिरिक्त, बच्चों को शिक्षा भत्ता भी दिया जाता है। पत्नी तथा बच्चों के न होने की स्थिति में दिवंगत कार्मिक के माता-पिता को निर्धारित दरों पर पेंशन देय है।

(2) मृत्यु उपदान अर्हक सेवा की अवधि पर निर्भर करती है जो मासकि परिलब्धियों के आधे के अधिकतम 33 गुना होगी। अधिकतम सीमा 2.5 लाख रुपे की हैं।

(3)सशस्त्र शत्रुओं/उग्रवादियों/आतंकवादियों तथा अन्य समाज विरोधी तत्वों आदि के साथ हुई मुठभेड़ या घटना में मृत्यु होने की स्थिति में उदारीकृत विशेष परिवार पेंशन के अतिरिक्त 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि भी दी जाती हैं।

(4) अधिकतम 240 दिनों की छुट्टी नकदीकरण।

(ख) यदि मृत्यु सैन्य सेवा के कारण या उसकी गंभीरता से हुई है (युद्धेत्तर हताहत होने के मामलों में) तो,

(1)निम्नलिखित दरों पर विशेष परिवार पेंशन दी जायेगी

	गणनीय परिलब्धियां	विशेष पिरवार पेंशन की दर (प्रतिमाह)
(क) यदि विधवा निःसंतान हो	(i) 1500/- रु. से अधिक नहीं	गणनीय परिलब्धियों का 50%
	(ii) 1500/- रु. से अधिक लेकिन 3000/- रु. से अधिक नहीं	गणनीय परिलब्धियों का 40% बशर्ते कि कम से कम 750/- रु. हो।
	(iii) 3000/- रु. से अधिक	गणनीय परिलब्धियों का 30% बशर्ते कि न्यूनतम 1200/- रु. तथा अधिकतम 2500/-रु. हो।
(ख) यदि विधवा का बच्चा/बच्चे हों	सभी मामलों में	गणनीय परिलब्धियों का 60% बशर्ते कि न्यूनतम 750/- रु. तथा अधिकतम 2500/- रु. हो।

(2)मृत्यु उपदान जैसाकि उपर्युक्त क (ii) में दिया गया है।

(3)यदि मृत्यु सेना के वायुयान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण हुई हो और जब दिवंगत कार्मिक ड्यूटी पर हो या यात्री के रुप में यात्रा कर रहा हो तो उस स्थिति में विशेष परिवार पेंशन के अलावा 1 लाख रुपए की अनुग्रह राशि।

(4)अधिकतम 240 दिन तक की छुट्टी नकदीकरण।

(ग़)यदि मृत्यु न तो सैन्य सेवा के कारणों से हुई हो और न ही उसकी गंभीरता से हुई हो तो

(i) निम्नलिखित दरों पर देय समान्य परिवार पेंशनः-

	गणनीय परिलब्धियां	प्रतिमाह समान्य परिवार पेंशन की दर
(क)	1500/- रु. प्रतिमाह से अधिक नहीं	गणनीय परिलब्धियों का 30% बशर्ते कि न्यूनतम 375/- रु. प्रतिमाह हो।
(ख)	1500/- रु. प्रतिमाह से अधिक लेकिन 3000/- रु. प्रतिमाह से अधिक नहीं।	गणनीय परिलब्धियों का 20% बशर्ते कि न्यूनतम 450/- रु. प्रतिमाह हो।
(ग)	3000/- रु. प्रतिमाह से अधिक	गणनीय परिलब्धियों का 15% बशर्ते कि न्यूनतम 600/- रु. प्रतिमाह तथा अधिकतम 1250/- रु. प्रतिमाह हो।

(2) मृत्यु उपदान जैसा कि उपर्युक्त क (ii) में दिया गया है।

(3) अधिकतम 240 दिन की छुट्टी का नगदीकरण।

(ii) रक्षा लेखा महानियंत्रक के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार तीनों सेनाओं के उन सेवाकार्मिकों की संख्या जिनके मामलों में वर्ष 1995-96 तथा 1996-97 के दौरान उपर्युक्त प्रावधानों के तहत मृत्यु/सेवांत लाभ प्रदान किए गए थे का ब्यौरा इस प्रकार हैः-

	उदारीकृत परिवार पेंशन	विशेष परिवार पेंशन	सामान्य पेंशन	कुल
1995-96	573	1114	6204	7891
1996-97	600	1186	6754	8540

(iii) उपर्युक्त स्कीमों के तहत अफ्सरों तथा अफ्सर रैंक के नीचे के कार्मिकों के लिए मृत्यु/सेवांत लाभ समान हैं तथा इस आधार पर कोई भेद नहीं किया जाता है।